# केन्द्रीय उत्पाद शुल्क निरीक्षकों की विभागीय परीक्षा

**DEPARTMENTAL EXAMINATION OF INSPECTORS OF CENTRAL EXCISE**

प्रश्न पत्र – पंचम
**PAPER - V**
हिन्दी **(Hindi)**

दिनांक:12.12.2013 **(DATE:12.12.2013)** पूर्णांक : 75 **(MAXIMUM MARKS : 75)**
समय:10.00 पू0 से 12.00 दोपहर **(TIME:10.00 A.M. to 12.00 Noon)** उत्तीर्णांक : 37 **(PASS MARKS : 37)**

## प्रश्न 1. (अ) अधोलिखित पैरा का हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए। (10)

अधिक से अधिक लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। यह एक प्रवृत्ति बन गयी है। लोग गॉवों से शहरों की ओर भागते हैं। इस पलायन के अनेक कारण हैं। सर्वप्रथम जमीन पर दबाव बढ़ रहा हैं। जमीन सभी लोगों के लिए धंधों के मौके प्रदान नहीं कर सकती। अत्यधिक जनसंख्या और धंधों के मौकों की कमी के कारण लोगों का रूझान शहरों की ओर हो गया है। पलायन का दूसरा कारण है खेती का मशीनीकरण । अब खेती में पहले से काफी कम श्रम शक्ति की आवश्यकता पड़ती हैं इसीलिए, भूमिहीन मजदूरों को खेतों पर काम नहीं मिलता। उन्हें काम के लिए शहरों की ओर पलायन करना पड़ता है। तीसरा कारण गॉवों में परम्परागत कलाओं और दस्तकारियों की बर्बादी। दस्तकरोंण की चीजों और दस्तकारियों के गॉवों में कोई मण्डी नहीं है। उन्हें अपने उत्पादन के लिए और बड़ी मण्डियों की आवश्यकता है। अन्त में शहरों का भारी उद्योगीकरण उन्हें तेजी से बढ़ते हुए शहरीकरण की ओर ले गया है।

## (ब) अधोलिखित पैरा का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कीजिए। (10)

1- We are all familiar with the saying "Health is wealth", but how many of us take the trouble of trying to understand the true import of this? Health is, indeed the greatest blessing that a man can enjoy on earth. It stands on a higher level than wealth. What is wealth to one who is always ill? Disease and illness give him no comfort and peace of mind. He does not possess the capacity of enjoying wealth and to him it is no better than a curse. To possess wealth but be unfit to enjoy it, is certainly a curse. Such a man would gladly give away his wealth and prefer to be a beggar if by that he could enjoy good health. The first essential condition of living for every man, whether rich or poor is health. With this, all other things may follow, but without it, life becomes a burden and one finds no energy for anything.

## प्रश्न 2. नीचे दिये गये गद्यांश को पढ़े व नीचे दिये गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए। (15)

1- समाजिक समता का अभिप्राय है कि सामाजिक क्षेत्र में जाति, व्यवसाय, रंग आदि के आधार पर किसी प्रकार का भेद-भाव न किया जाए। सबको समान समझा जाए और सबको समान सुविधाएँ दी जाएँ। हमारे देश में सामाजिक समानता का अभाव है। जाति प्रथा के कारण करोड़ों व्यक्ति समाज में अछूत के रूप में रहते हैं। उन्हें समाज से बहिष्कृत समझा जाता है और सामाजिक अधिकारों से वंचित कर दिया गया है। हमारे समाज में लड़कियों के साथ भी भेद-भाव बरता जाता है। माता-पिता भी उन्हें वे सुविधाएँ नहीं देते जो वे अपने लड़कों को देते हैं। इस प्रकार की असमानता से बहुत-सी लड़कियों का शारीरिक और मानसिक विकास सुचारू रूप से नहीं हो पाता। इससे समाज की उन्नति में बाधा पड़ती है। इस प्रकार की असमानता का दूर होना आवश्यक है। नागरिक समता का अर्थ है कि राज्य में नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हो। कानून और न्यायालयों में गरीब-अमीर और ऊँच-नीच का कोई भेद न किया जाए। दण्ड से कोई अपराधी न बच सके।

**उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1- गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
2- समाजिक समता से क्या अभिप्राय है ?
3- हमारे देश में सामाजिक असमानता किस रूप में है ?
4- नागरिक समता से क्या अभिप्राय है ?
5- लड़कियों का शारीरिक और मानसिक विकास सुचारू रूप से क्यों नहीं हो पाता ?

**प्रश्न 3. (अ) निम्नलिखित वाक्यों को सही करें एवं यथावश्यक पूरा करे :-** **(10)**

(1) वह धीमी स्वर में बोला।
(2) आज उसने विद्यालय नहीं जाना।
(3) मकान के बाई ओर से सड़क है।
(4) केवल मात्र महिलाओं के लिए आरक्षित।
(5) मौसम बहुत सुहावनी है।

**(ब) निम्नलिखित का हिन्दी में अनुवाद करें :–** **(10)**

(1) Restricted
(2) Statutory Order
(3) Departmental inquiry
(4) Prima Facie
(5) Verification

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(10)**

(1) राजभाषा अधिनियम-1963 के अनुसार संसदीय राजभाषा समिति लोक सभा और राज्यसभा से कितने-कितने सदस्य होते हैं ?
(2) राजभाषा अधिनियम-1963 की कौन सी धाराएं जम्मू-कश्मीर राज्य पर लागू नहीं होती है?
(3) संसदीय राजभाषा समिति किसके समक्ष अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करती है ?
(4) राजभाषा विभाग कब अस्तित्व में आया ?
(5) राजभाषा पर संसद का संकल्प कब अधिसूचित किया गया ?

**प्रश्न 5. राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के अनुसार।** **(10)**

(1) हिन्दी में प्राप्त पत्रों का उत्तर राजभाषा नियम के किस नियम के अर्न्तगत अनिवार्य रूप से हिन्दी में दिया जाना अपेक्षित है ?

(2) केन्द्रीय सरकार के किसी कार्यालय में प्रयोग किए जाने वाले रजिस्टरों के प्रारूप और शीर्षक किस नियम के अर्न्तगत हिन्दी और अंग्रेजी में होने चाहिए ?

(3) राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम,1976 के अनुसार हिन्दी में कार्यसाधक ज्ञान का क्या आशय है ?

(4) राजभाषा की दृष्टि से पूरे देश को कितने भागों में विभाजित किया गया है ?

(5) हिन्दी टिप्पण आलेखन प्रोत्साहन योजना में भाग लेने के लिए वर्ष में कम से कम कितने शब्द हिन्दी में लिखे जाने अपेक्षित है ?

***************